भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2215**

15 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: सहकारी क्षेत्र संबंधी नीति**

2215. श्री खगेन मुर्मु:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नई आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप सहकारिता क्षेत्र की नीति को अद्यतन करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) और (ख): जी हां। सरकार केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, सहकारी संघों आदि सहित हितधारकों के परामर्श से नई सहकारिता नीति तैयार करने के लिए कदम उठा रही है। अब तक, 18 मंत्रालयों/विभागों, 12 राज्य सरकारों और 10 सहकारी संघों सहित 51 हितधारकों से इनपुट तथा सुझाव प्राप्त हुए हैं। अद्यतन नीति देश भर की सहकारी समितियों के संवर्धन, सुदृढ़ीकरण और प्रोन्नयन के लिए नीतियों तथा कार्यकलापों की रूपरेखा प्रस्तुत करेगी।

*****